मोरवा में कार के अंदर मिला युवक का शव

वार्ड -9 के अय्यप्पा मंदिर के समीप का मामला,पुलिस जांच पड़ताल में जुटी,हत्या की आशंका

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 जुलाई। मोरवा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब वार्ड क्रमांक 9 स्थित अय्यप्पा मंदिर के समीप खड़ी एक मारुति एक्सप्रेसो कार वाहन क्रमांक यूपी 64 एयू 8969 के अंदर 29 वर्षीय युवक का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।

सूचना पर मोरवा थाना प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है, जबकि पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान सत्य प्रकाश गुप्ता उर्फ लड्डू निवासी आदर्श गंगा वार्ड क्रमांक 9 मोरवा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह करीब 5 बजे स्थानीय लोगों की नजर अय्यप्पा मंदिर के पास खड़ी कार पर पड़ी। कार के अंदर युवक को अचेत अवस्था में देखकर लोगों ने पहले उसे आवाज लगाई, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर उसके परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और युवक को तत्काल एनसीएल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

एफएसएल टीम मौके पर, पुलिस की जांच तेज

सूत्रों के अनुसार पुलिस ने मामले में एक संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया है। उससे घटना के संबंध में गहन पूछतांछ की जा रही है। पुलिस पूछतांछ में मिले तथ्यों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रही है। मोरवा थाना प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच, तकनीकी साक्ष्यों और पूछतांछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मोरवा क्षेत्र में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

मृतक के परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में रिश्तेदार एवं स्थानीय लोग अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की रात करीब 10 :45 बजे सत्य प्रकाश से उनकी अंतिम बार मोबाइल पर बातचीत हुई थी। उस दौरान उसने कुछ देर से घर आने की बात कही थी। इसके बाद उससे संपर्क नहीं हो सका। शुक्रवार की सुबह कार में अचेत मिलने की सूचना मिलने पर परिवार मौके पर पहुंचा। परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या की गई है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए मोरवा पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर एफएसएल टीम से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटवाए। पुलिस ने कार और आसपास के क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बैढ़न भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मोटर साइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

आईफोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद, तीन चोरियों का हुआ खुलासा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 जुलाई। कोतवाली बैढ़न पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल, आईफोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर तीन अलग-अलग मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 09 व्हीजे 9475, आईपैड, होम थिएटर, ईयरबड्स सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक सियाज केएम के निर्देशन, एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा तथा प्रभारी सीएसपी विंध्यनगर ललित बैरागी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान धोनी उर्फ धनवंतरी शर्मा उम्र 20 निवासी तेलाई, थाना बैढ़न के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने 18 जून को अमिलिया निवासी अजीत कुमार शाह से आईफोन छीनने, 17 जुलाई को रीवा निवासी सुजल त्रिपाठी की मोटरसाइकिल चोरी करने तथा 22 जुलाई की रात तेलाई में एक कमरे का ताला तोड़कर आईपैड, होम थिएटर, ईयरबड्स समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी करने की वारदात स्वीकार की है। जांच के दौरान पहले संदेही बृजेश कुमार शाह को हिरासत में लेकर पूछतांछ की गई, जिसके बाद मुख्य आरोपी धोनी उर्फ धनवंतरी शर्मा तक पुलिस पहुंची। आरोपी को तीनों प्रकरणों में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में उप निरीक्षक विनय शुक्ला, विनोद सिंह, सउनि हरिश्चंद्र सिंह, दिनेश तिवारी, मुनीन्द्र देव पाण्डेय, अशोक सिंह, प्रआर अनूप मिश्रा, आर अजीत सिंह, अंकित सिंह एवं तुलसीदास प्रजापति का सराहनीय योगदान रहा।

एक नजर में

एक पेड़ श्याम के नाम अभियान का चतुर्थ चरण आयोजित

सिंगरौली। श्री श्याम प्रेमी मंडल बैढ़न द्वारा संचालित एक पेड़ श्याम के नाम अभियान के चतुर्थ चरण के अंतर्गत आज शुक्रवार को राजू अरोड़ा के ईटा भट्टा प्लांट, बालाजी पेट्रोल पम्प के सामने गनियारी रोड पर वृक्षारोपण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। राजू अरोड़ा ने पौधों को देखभाल समुचित व्यवस्था एवं नियमित सिंचाई करने का आश्वासन दिया तथा मंडल को पर्यावरण संरक्षण काम के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेन्द्र लोहिया एवं अमन गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर पंकज अग्रवाल, अमन गुप्ता, सुरेन्द्र लोहिया, अमरदीप भारुका, अमन अग्रवाल सहित अनेक श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

बेकाबू बोलेरो बिजली खम्भे से टकराई

सिंगरौली। बीती देर रात बैढ़न के व्यस्त कचनी मोड़ चौराहे पर एक खौफनाक मंजर देखने को मिला, जहाँ एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर काल बनकर सड़कों पर दौड़ पड़ी। रफ्तार इतनी तेज थी कि जब वाहन का संतुलन बिगड़ा, तो वह सड़क किनारे लगे ठेलों को रौंदते हुए जिग-जैग अंदाज में सड़क के दूसरी ओर बिजली के खंभे में जा घुसी। इस भयंकर टक्कर में बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। रोंगटे खड़े कर देने वाली बात तो यह है कि जहाँ जाकर बोलेरो रुकी, ठीक वहीं 33 हजार वोल्ट की हाई-टेंशन विद्युत लाइन का पोल खड़ा था, अगर गाड़ी सीधे उस पोल से टकरा जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

कलश यात्रा का सिंगरौली में हुआ स्वागत

सिंगरौली। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के शुभारंभ के अवसर पर उनके जन्मस्थल सीर गोवर्धनपुर - वाराणसी से संत-महात्माओं द्वारा पूजित पावन माटी कलश यात्रा का सिंगरौली जिले में ऐतिहासिक स्वागत किया गया। सामाजिक समरसता, समानता और संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से निकली इस यात्रा के स्वागत के लिए जिलेभर में हजारों श्रद्धालु एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। म.प्र. अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार के नेतृत्व में पहुँची इस पावन कलश यात्रा का उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश सीमा स्थित दुद्धिचुआ बॉर्डर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार, पुष्पवर्षा एवं जयघोष के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक डॉ. राजेंद्र मेश्राम, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

गड़ाखाड़ के पास ट्रक की चपेट में आया युवक

सिंगरौली। गड़ाखाड़ बाजार के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बंधौरा निवासी एक बाइक सवार की बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि युवक ने समय रहते साइड में कूदकर अपनी जान बचा ली, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हादसे में उसे केवल हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। लगातार हो रहे ऐसे हादसे प्रशासन और यातायात व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

सरई अंचल के सहारा निवेशकों का फूटा गुस्सा

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, 25 को देंगे धरना

नवभारत न्यूज

सरई 31 जुलाई। देशभर में सहारा इंडिया के निवेशकों का पैसा फंसने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। सिंगरौली जिले की सरई तहसील में शुक्रवार को सैकड़ों पीड़ित परिवारों के साथ सरई के व्यापारी एवं आसपास क्षेत्र के सभी लोग भी शामिल हुए।

बाजार से पैदल रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए सभी लोग तहसील कार्यालय और सरई थाना पहुंचे और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। सहारा पीड़ित परिवार बचाओ आंदोलन के बैनर तले जमा हुए लोगों का कहना है कि वर्ष 2010 से 2020 के बीच उन्होंने सहारा क्यू शॉप, सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी, हमारा इंडिया आदि योजनाओं में जीवनभर की कमाई जमा की थी। कई खातों की परिपक्वता 2-3 साल पहले ही पूरी हो चुकी है, लेकिन आज तक मूलधन तो दूर ब्याज भी नहीं मिला। पीड़ितों ने ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के आदेश 29 मार्च 2023 और केंद्र सरकार के रिफंड पोर्टल का हवाला देते हुए कहा कि पोर्टल पर आवेदन करने के बाद भी प्रक्रिया लटकी हुई है।आंदोलनकारियों ने राष्ट्रपति, राज्यपाल, केंद्रीय गृह व वित्त मंत्री, मुख्यमंत्री और कलेक्टर सिंगरौली को संबोधित ज्ञापन में मांग की है कि सहारा में फंसा मूलधन ब्याज सहित 25 दिन के अंदर वापस कराया जाए, पीड़ितों ने चेतावनी दी है कि यदि 25 अगस्त तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे सरई के शिव मंदिर पर सुबह 10 बजे से अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेंगे।

मुरुम की जगह मिट्टी डालकर बना दिया 5 किमी सड़क

आदिवासी ग्रामीणों ने वर्षों से पदस्थ फॉरेस्ट गार्ड पर लगाया गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 जुलाई। अभ्यारण्य बगदरा क्षेत्र के गोपला बीट अंतर्गत तिलया से भुइधरवा पहुंच मार्ग में क्रियान्वयन एजेंसी ने व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की है। आरोप है कि 5 किलोमीटर सड़क लम्बाई में मुरूमी करण का कार्य करना था, लेकिन उसके बदले में क्रियान्वयन एजेंसी ने मिट्टी डाल कर सड़क बना दिया है। मिट्टी की सड़क दलदल में तब्दील हो गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली के किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह पैगाम ने बगदरा अभ्यारण्य के अमले पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने बताया है कि फॉरेस्ट गार्ड के देखरेख में गरूण सिंह चौहान के देखरेख में तिलया से भुइधरवा पहुंच मार्ग दूरी करीब 5 किलोमीटर मुरूमीकरण के जगह मिट्टी डाल कर सड़क बना दिया और मिट्टी भी नाममात्र की डाली गई है। इस बारिश में सड़क दलदल में तब्दील हो गई है और आवाजाही के लिए ग्रामीणों को काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि अभ्यारण्य के अंदर अवैध मिट्टी की खदान बनाई गई है। जहां 300 रूपये प्रति ट्रैक्टर रात के समय जेसीबी मशीन से उत्खनन कराकर बेचा जा रहा है। अशोक सिंह का यह भी आरोप है कि फॉरेस्ट गार्ड करीब 12 वर्षो से इसी क्षेत्र में पदस्थ है। भाजपा सरकार में स्थानांतरण की नीति शायद फॉरेस्ट गार्ड पर लागू नही किया। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की जांच कराए जाने की मांग की है।

सोलह साल का किशोर फांसी के फंदे पर झूला

सिंगरौली 31 जुलाई (एनबीएन)। सरई थाना क्षेत्र के ग्राम दुधमनिया निवासी एक 16 साल का किशोर आज सुबह घर के अंदर फांसी के फंदे पर झूल आत्महत्या कर लिया। कारण अज्ञात है। घटना के वक्त परिजन धान की रोपाई करने खेत में गये हुये थे। पुलिस के अनुसार सुनील सिंह गोड़ पिता राजमोहन सिंह उम्र 16 वर्ष निवासी दुधमनिया ने अज्ञात कारणों से फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

जल संरक्षण, पौधरोपण और स्वच्छता कार्यों में तेजी लाएं

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 जुलाई। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में ग्रामीण विकास विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं विभिन्न विकास कार्यों की जनपदवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देशित किया।

कलेक्टर ने पीएम आवास योजना, पीएम आवास प्लस तथा पीएम जनमन एवं धरती आबा अभियान के अंतर्गत चिन्हित सभी पात्र हितग्राहियों के आवास शीघ्र स्वीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों के बैंक खातों का सत्यापन कर एक सप्ताह के भीतर स्वीकृत आवेदनों की प्रथम किस्त जारी की जाए।

साथ ही जिन हितग्राहियों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप आवास निर्माण पूर्ण कर लिया है, उन्हें 15 अगस्त से पूर्व योजना की तृतीय किस्त उपलब्ध कराई जाए।

मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

देवसर 31 जुलाई (एनबीएन)। मंडी शुल्क में की गई वृद्धि को लेकर कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को देवसर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने मंडी शुल्क 1.5 प्रतिशत किए जाने के निर्णय को वापस लेने तथा नई नीति बनाने से पहले किसानों, व्यापारियों और संबंधित पक्षों से व्यापक चर्चा करने की मांग उठाई।

चिकित्सा शिविर में 181 लाभार्थियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

अनपरा 31 जुलाई। ग्रामीण विकास विभाग रेनुसागर द्वारा सीएसआर के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, पूर्वी परासी में विशेष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने निःशुल्क पंजीकरण कराकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में रेनुसागर चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। फिजीशियन डॉ. मनोज कुमार शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह एवं दंत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार सिंह ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया।

शिविर में कुल 181 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे चिकित्सा शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

शालिनी गुप्ता ने लंदन में बढ़ाया भारत का मान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 जुलाई। जिले के मोरवा की बेटी शालिनी गुप्ता ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के दम पर इंग्लैंड की राजधानी लंदन में आईटी सेक्टर में साफ्टवेयर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाकर पूरे जिले, प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है।

छोटे शहर से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंची उनकी सफलता आज युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। मोरवा की साधारण गलियों से शुरू हुआ शालिनी गुप्ता का सफर आज अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुका है। प्रारंभिक शिक्षा क्राइस्ट ज्योति स्कूल, सिंगरौली से प्राप्त करने के बाद उन्होंने भोपाल से स्नातक एवं दिल्ली से एमबीए की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद अहमदाबाद में अपने करियर की शुरुआत की और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन, ईमानदारी तथा समर्पण के बल पर सफलता की नई ऊंचाइयों को छूते हुए आज लंदन में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

वॉचमैन मरीज का कर रहा था परीक्षण, वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 जुलाई। जिला चिकित्सालय सह ट्रॉमा सेंटर बैढ़न का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है।

वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि एक वॉचमैन मरीज का परीक्षण और उपचार करता दिखाई दे रहा है, जबकि मौके पर नर्सिंग अधिकारी और रात्रि ड्यूटी में तैनात चिकित्सक भी मौजूद थे। यदि यह दावा सही है, तो यह मरीजों की सुरक्षा और सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि वीडियो कब का है। हालांकि वीडियो सामने आने के बाद लोगों में अस्पताल प्रबंधन के प्रति नाराजगी देखने को मिल रही है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या किसी वॉचमैन को मरीजों का परीक्षण या इलाज करने की अनुमति है या फिर यह अस्पताल में व्याप्त लापरवाही का उदाहरण है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ऐसी घटनाओं के कारण जिला चिकित्सालय की छवि लगातार खराब हो रही है और मरीज सरकारी अस्पतालों पर भरोसा खो रहे हैं। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। यदि वीडियो सही पाया जाता है, तो यह स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करेगा।

कर्मियों ने एनसीएल की उत्कृष्टता में अमूल्य योगदान दिया है : मनीष

महाप्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिकी दिनेश दंडोतिया सहित एनसीएल से 56 कर्मी हुए सेवानिवृत्त

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 जुलाई। शुक्रवार को सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एनसीएल से जुलाई माह के अंत में 4 अधिकारी व 52 कर्मचारी सहित कुल 56 कर्मी सेवानिवृत्त हुए।

इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में सेवानिवृत्त कर्मियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यालय से महाप्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिकी, दिनेश दंडोतिया और यूडीसी क्लर्क प्रशासन विभाग, अरविंद सिंह सेवानिवृत्त हुए। समारोह के दौरान एनसीएल निदेशक मानव संसाधन, मनीष कुमार, आशुतोष द्विवेदी एवँ विभागाध्यक्षगण, अधिकारी-कर्मचारी तथा सेवानिवृत कर्मियों के परिजन मौजूद रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में एनसीएल निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएँ देते कहा कि सेवानिवृत हो रहे कर्मियों ने एनसीएल की उत्कृष्टता में अमूल्य योगदान दिया है। साथ ही उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों का अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण को अनुकरणीय बताया।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी आशुतोष द्विवेदी ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त कर्मियों के सुखद भविष्य की मंगल कामना की तथा दिनेश दंडोतिया के सौम्य व्यक्तित्व, कर्मठता और जटिल समस्याओं का त्वरित निवारण करने की उनकी क्षमता की सराहना की।